प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

**मुख्य चिकित्साधिकारी,**
**जनपद बांदा, उत्तर प्रदेश।**

पत्रांकः–एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / 2023–24 / 3472 दिनांकः 27.07.2023

**विषयः– राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 06–9 जून 2023 के मध्य किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया एस0पी0एम0यू0 कार्यालय पत्र सं0 SPMU/NHM/M&E /2023-24/04/320&2,दिनांक 13.04.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके क्रम में, राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक **06–9 जून 2023** तक जनपद **बांदा** की जनपद व ब्लाक स्तरीय चिकित्सा इकाईयों, हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर तथा नगरीय प्राथमिक चिकित्सालय का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया।

राज्य स्तरीय दल द्वारा जनपद की चिकित्सा इकाईयों का स्थलीय पर्यवक्षण के दौरान प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर भ्रमण आख्या प्रस्तुत की गयी है जो कि पत्र के साथ संलग्न कर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

अतः आपसे अपेक्षा है कि सम्बन्धित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

**संलग्नकः पर्यवेक्षण आख्या।**

भवदीया
Pinky 26/7/23
(डा0 पिंकी जोवल)
मिशन निदेशक

पत्रांकः–एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / 2022–23 तद्दिनांक

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित–

1. जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद बांदा।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0स्वा0 एवं प0क0, बांदा मण्डल।
3. अधिशासी अभियन्ता, समस्त महाप्रबन्धक / अनुभागाध्यक्ष, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, बांदा मण्डल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, बांदा को पर्यवेक्षण रिपोर्ट के सापेक्ष आवश्यक कार्यवाही एवं आख्या हेतु प्रेषित।

**(डा0 मनोज कुमार शुक्ल)**
महाप्रबन्धक आर.आई /
मण्डलीय नोडल अधिकारी

Scanned with OKEN Scanner

# जनपद स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण भ्रमण

**जनपदः बांदा** **दिनांक :06–09 जून 2023**

मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,उ0प्र0 के पत्र दिनांकित 13.04.2023 में प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में 02 सदस्यीय राज्य स्तरीय दल द्वारा जनपद बांदा का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु दिनांक 06–09 जून 2023 के मध्य जनपद एवं ब्लाक स्तरीय चिकित्सा इकाईयों का भ्रमण किया गया। प्रथम दिवस राज्य स्तरीय दल द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय तथा जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के सदस्यो के साथ बैठक की गई एवं अपने जनपद भ्रमण के उद्देश्यो से अवगत कराया गया। जनपद में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, सम्बन्धित ब्लाक के प्रभारी चिकित्साधिकारी, ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक एवं एफ0पी0एल0एम0आई0एस प्रबन्धक द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान किया गया। भ्रमण की संक्षिप्त आख्या निम्नवत् है :–

| द्वितीय दिवस–07 जून 2023 | | | |
|---|---|---|---|
| चिकित्सा इकाई | अवलोकन बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
| ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस, झंझरीपुरवा | सत्र का आयोजन झंझरीपुरवा उपकेन्द्र पर किया जा रहा था। सत्र सम्बन्धी बैनर सत्र स्थल पर नहीं लगा था, बल्कि टीकाकरण का बैनर लगा हुआ था। | राज्य स्तरीय दल द्वारा साथ में आए डी0पी0एम0 को इस बारे में अवगत कराते हुए सत्र सम्बन्धी बैनर उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी / डी0पी0एम0 |
| | दवाईया अव्यवस्थित रूप से रखी हुई पाई गई। | दवाईयां व्यवस्थित ढंग से रखवाई गई तथा ए0एन0एम0 को दवाईयों उनकी एक्सपायरी तिथि के अनुसार उपयोग करने का सुझाव दिया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी को उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए टीकाकरण सत्रों का पर्यवेक्षण करने का सुझाव दिया गया। | बी0सी0पी0एम0 / ए0एन0एम0 |
| | कुपोषित बच्चो को मापने वाला टेप ए0एन0एम0 के पास नही था। | राज्य स्तरीय दल द्वारा डी.पी.एम. को बी0सी0पी0एम0 के माध्मय से ए0एन0एम0 को शीघ्र टेप उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी / बी0सी0पी0एम0 |
| | टीकाकरण का रजिस्टर व्यवस्थित रूप से नहीं भरा पाया गया।<br>विगत वित्तीय वर्ष का रजिस्टर उपयोग किया जा रहा है। | राज्य स्तरीय दल द्वारा ए0एन0एम0 को रजिस्टर के महत्व तथा सभी आवश्यक जानकारियां ससमय भरने का सुझाव दिया गया। सम्बन्धित बी0सी0पी0एम0 को भी रजिस्टर नियमित चेक करने हेतु निर्देशित किया गया। | बी0सी0पी0एम0 / ए0एन0एम0 |
| | सत्र स्थल पर महिलाओं की जाँच हेतु निर्धारित कक्ष दयनीय स्थिति में था। पूरा कमरा धूल से भरा था। उक्त के साथ ही कमरे में मधुमक्खी का छत्ता लगा हुआ था।<br>महिलाओं की जाँच हेतु तखत उपलब्ध नहीं था। उनकी जाँच जमीन पर की जा रही थी। | डी0पी0एम0 को सुझाव दिया गया कि वह तत्काल मधुमक्खी के छत्ते को हटवाकर, कमरे में साफ सफाई कराना सुनिश्चित करें। | डी0पी0एम0 / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| | आशा के पास सत्र के दौरान आशा बैग, आशा डायरी व अन्य दस्तावेज नहीं थे। | दल द्वारा आशा को बैग, आशा डायरी के महत्व के बारे में बताया गया एवं कहा गया कि वी0एच0एन0डी0 | प्रभारी चिकित्साधिकारी / बी0सी0पी0एम0 |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | सत्र/चिकित्सा इकाई पर अपनी ड्रेस में तथा बैग के साथ ही सदैव आए, जिससे दस्तावेज उपलब्ध रहे। | |
| **हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर झंझरीपुरवा** | उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर सी0एच0ओ0 शिवम उपस्थित थे।<br>हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर तैनात सी0एच0ओ0 द्वारा डेली डायरी एवं ओ0पी0डी0 रजिस्टर को नियमित तौर पर अद्युनांत नहीं किया जा रहा था।<br>सी0एच0ओ0 द्वारा सीबैक फार्म एवं स्क्रीनिंग को पोर्टल पर अद्युनांत नहीं किया जा रहा था।<br>काण्डोम बाक्स उपकेन्द्र के बाहर नहीं लगा था।<br>परिवार नियोजन सम्बन्धी प्रचार प्रसार सामग्री का अभाव था। | सी0एच0ओ0 को अपने समस्त कार्यों को समय से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। सी0एच0ओ0 को निर्देशित किया गया कि आगामी 15 कार्यदिवसों में हेल्थ एण्ड वेलनेस क्षेत्र की समस्त आशाओं से भरे हुए सीबैक फार्म लेकर उन्हें पोर्टल पर अद्युनांत करें तथा तदानुसार स्क्रीनिंग का कार्य पूर्ण करें।<br><br>कण्डोम बाक्स तत्काल लगाने हेतु निर्देशित किया गया।<br>उपरोक्त के सम्बन्ध में डी0सी0पी0एम0 तथा प्रभारी चिकित्साधिकारी को भी अवगत करा दिया गया है। | सी0एच0ओ0/<br>बी0सी0पी0एम0/<br>डी0सी0पी0एम0/<br>प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| **ग्राम स्वास्थ्य स्वछता एवं पोषण दिवस हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर,सिकहुला** | सत्र स्थल पर सत्र का बैनर लगा हुआ था।<br>सत्र का आयोजन पंचायत भवन में किया जा रहा था।<br>सत्र स्थल पर लाभार्थियों के बैठने की व्यवस्था नहीं थी।<br>सत्र स्थल पर एक्सपायरी दवाई उपलब्ध थी। | प्रधान एवं डी0पी0एम0 को लाभार्थियों के बैठने की व्यवस्था करने हेतु सुझाव दिया गया।<br><br>एक्सपायरी दवा को तत्काल हटवा दिया गया एवं पुनः इसकी पुर्नरावृत्ति न हो इसके सम्बन्ध में सुझाव दिया गया तथा प्रभारी चिकित्साधिकारी को अवगत करा दिया गया। | बी0सी0पी0एम0/<br>डी0पी0एम0/<br>प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| | उपस्थित आशा के पास आशा डायरी उपलब्ध थी।<br>आशा डायरी पर सूचनायें व्यवस्थित रूप से अंकित नहीं की गयी थीं।<br>आशा संगी द्वारा विगत छः माह से आशा क्षेत्र का भ्रमण नहीं किया गया था। | आशा को आशा डायरी व्यवस्थिति तरीके से भरने हेतु समझाया गया। उसे बताया गया कि किस प्रकार आशा डायरी को अद्युनांत किया जाता है।<br>आशा संगिनी को निर्देशित किया गया कि वह दिशा–निर्देशों के अनुसार नियमित भ्रमण कर आशाओं की आशा डायरी को सही तरीके से भरना बतायें एवं उसकी नियमित जाँच करें। | आशा संगीनी/<br>बी0सी0पी0एम0 |
| **हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर सिकहुला** | उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर सी0एच0ओ0 विकास पटेल उपस्थित थे।<br>हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर तैनात सी0एच0ओ0 द्वारा ओ0पी0डी0 रजिस्टर को नियमित तौर पर अद्युनांत नहीं किया जा रहा था।<br>हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर आवश्यक दवाईयाँ एवं निदान | सी0एच0ओ0 को अपने समस्त कार्यों को समय से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। हेल्थ एण्ड वेलनेस क्षेत्र की समस्त आशाओं से भरे हुए सीबैक फार्म लेकर उन्हें पोर्टल पर आगामी 15 कार्यदिवसों में अद्युनांत करें तथा तदानुसार स्क्रीनिंग का कार्य पूर्ण करें। | सी0एच0ओ0/<br>बी0सी0पी0एम0/<br>डी0सी0पी0एम0/<br>प्रभारी चिकित्साधिकारी |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | सेवायें अस्त व्यस्त थीं।<br>सी0एच0ओ0 द्वारा सीबैक फार्म एवं स्क्रीनिंग को पोर्टल पर अद्युनांत नहीं किया जा रहा था।<br>काण्डोम बाक्स उपकेन्द्र के बाहर नहीं लगा था।<br>परिवार नियोजन सम्बन्धी प्रचार प्रसार सामग्री का अभाव था।<br>परिवार नियोजन बास्केट आफ च्वाईस रखा हुआ मिला। | कण्डोम बाक्स तत्काल लगाने हेतु निर्देशित किया गया।<br>उपरोक्त के सम्बन्ध में डी0सी0पी0एम0 तथा प्रभारी चिकित्साधिकारी को भी अवगत करा दिया गया है। | |
| | **तृतीय दिवस 8 जून 2023** | | |
| **चिकित्सा इकाई** | **अवलोकन बिन्दु** | **सुधारात्मक कार्यवाही** | **कार्यवाही का स्तर** |
| **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नरैनी** | सेन्टर प्रभारी/चिकित्साधिकारी अपने ड्रेस कोड में नही थे, जबकि शेष स्टाफ निर्धारित ड्रेस कोड में उपस्थित थे तथा आई कार्ड लगा रखा था।<br>चिकित्सा इकाई में साफ सफाई पर्याप्त रूप से नहीं थी।<br>चिकित्ससालय परिसर में आई0ई0सी0 काफी पुरानी पाई गई,जो कि धूधली पड़ गई है।<br>चिकित्सा इकाई पर मातृ स्वास्थ्य, परिवार नियोजन एवं अन्य गतिविधियों से जुडे पोस्टर लगे थे। ओ0पी0डी0 परिसर में कंडोम बाक्स लगा था , जो कि काफी उंचाई पर था।<br>**मातृ स्वास्थ्य –**<br>लेबर रजिस्टर में सूचनाएं निर्धारित प्रारूप के अनुसार नहीं भरी गई थी।<br>चिकित्सा इकाई पर औसतन 2–3 प्रसव प्रतिदिन हो रहे है, जिसका रिकार्ड सही स्थिति में पाया गया। प्रसव रजिस्टर कें अंत में दी गई मासिक सारांश शीट न भरकर जहां पर माह खत्म हो रहा है, वहीं पर भरी जा रही है। इस कारण रिकार्ड अव्यवस्थित दिखा।<br>पार्टोग्राफ पर बिना कुछ लिख आने वाली महिलाओं/अभिभावको के हस्ताक्षर कराये जा रहे है जो कि मानक के विपरीत है।<br>**प्रसव कक्ष –**<br>प्रसव कक्ष से लगा शौचालय का | दल द्वारा चिकित्साधिकारी को निर्धारित ड्रेस का महत्व बताते हुए अपने ड्यूटी के दौरान सदैव उसका पालन करने का सुझाव दिया गया।<br>दल द्वारा प्रभारी चिकित्साधिकारी को परिसर में साफ सफाई, नई आई0ई0सी0 लगवाने एवं कण्डोम बाक्स को निर्धारित स्थान पर लगवाने का सुझाव दिया गया।<br>दल द्वारा समस्त रिकार्ड व सूचनाएं निर्धारित प्रारूप के अनुसार रजिस्टर में अंकित करने एवं पार्टोग्राफ पर बिना कुछ लिखे अभिभावक का हस्ताक्षर/अंगूठा न कराये जाने का सुझाव दिया गया साथ ही यह भी सुझाव दिया कि यदि कोई दिक्कत रिकार्ड कीपिंग में आए तो जनपद स्तरीय अधिकारियों को सूचित कर उनकी मदद ले।<br>दल द्वारा शौचालय का दरवाजा | स्टाफ नर्स/प्रभारी चिकित्साधिकारी |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | दरवाजा टूटा हुआ पाया गया।<br>प्रसव टेबल के साथ लगा कैलिस पैड पिचका मिला। दल को यह ज्ञात कराया गया कि इंण्डेट किया गया है, परन्तु अभी तक कैलिस पैड नहीं मिले है। जबकि कोई सम्बन्धित दस्तावेज देखने को नहीं मिले।<br>दीवार पर सामान्य घडी लगी मिली जो कि कार्य कर रही थी।<br>समस्त दवाइयां व उपकरण प्रसवकक्ष में रखे मिले किन्तु दयनीय स्थिति में पाए गए। उपकरणों पर धूल पाई गई<br>कक्ष में लगा रेडियो वार्मर कार्य कर रहा था।<br>एल्बो टैप टूटी हुई थी।<br><br>प्रसव कक्ष में आक्सीजन सिलेण्डर पर लाग बुक नही थी।<br>चिकित्सालय के आपरेशन थियेटर में ऑटोक्लेव मशीन उपलब्ध थी परन्तु उसका उपयोग नहीं किया जा रहा था।<br>**परिवार नियोजन–**<br>सेन्टर पर परिवार नियोजन से जुडे अस्थाई साधन– अन्तरा गर्भ निरोधक, छाया गर्भ निरोधक साप्ताहिक गोली, कंडोम उपलब्ध थे, लेकिन उनको बास्केट ऑफ चाईस में नहीं रखा गया था।<br><br>आई0यू0सी0डी0, अन्तरा, खुशहाल परिवार दिवस एवं परिवार नियोजन से सम्बन्धित रजिस्टर अव्यवस्थित ढंग से रखे हुए मिले।<br>परिवार नियोजन सामग्री यथा आई0यू0सी0डी0 के बारे में ठीक से जानकारी स्टाफ नर्स को नहीं है। स्टाफ नर्स को आई0यू0सी0डी एवं अन्तरा लगाने का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है। जिसे सम्बन्धित रिकार्ड निर्धारित प्रपत्र रजिस्टर में अंकित किये जा रहे है। | अविलंब ठीक कराने हेतु सुझाव दिया गया।<br>प्रसव कक्ष में कार्यरत स्टाफ नर्स को कैलिस पैड, रिपल ब्लड मैनेजमेंट, मरकरी मैनेजमेंट, प्रोटोकाल पोस्टर आदि की उपयोगिता के बारे में बताया गया एवं सुझाव दिया गया कि वह प्रसव कक्ष मे साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे।<br>प्रसव कक्ष में रखी हुई समस्त ट्रे को तुरन्त साफ कराया गया एवं बताया गया कि ट्रे हमेशा साफ सुथरी रखी जाये।<br>लॉग बुक लगाने का सुझाव दिया गया।<br><br>ऑटोक्लेव मशीन का उपयोग करने हेतु स्टाफ नर्स एवं अन्य सुझाव दिया गया।<br><br>दल द्वारा समस्त साधनों को एक टोकरी में सजाकर अथवा एक पोस्टर में चिपकाकर उनका बास्केट ऑफ चाईस बनाने का सुझाव दिया गया। कार्यक्रम से सम्बन्धित पम्पलेटों को निकलवाकर मेज पर लगाये जाने व उसके ऊपर शीशा लगाने का सुझाव दिया गया, जिससे उनका व्यापक प्रदर्शन हो तथा चिकित्सा इकाई पर सेवा प्राप्त करने हेतु आने वाली महिलाएं साधनों के प्रति अधिक जागरूक हो सके।<br>आई0यू0सी0डी0, अन्तरा, खुशहाल परिवार दिवस एवं परिवार नियोजन से सम्बन्धित रजिस्टर को निर्देशानुसार अद्युनांत करने, गर्भ निरोधक की तीनों डोज का महत्व बताते हुए आशा के माध्यम से चिन्हित महिलाओं को प्रेरित कर बाकी खुराक लेने व उनको नियमित फालोअप करने का सुझाव दिया। दल के साथ आए एल0एम0आई0एस0 मैनेजर के द्वारा उपस्थित स्टाफ नर्सो को आई0यू0सी0डी0 की जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा अपने कार्यशैली सुधारने का सुझाव दिया गया।<br>फैमिली प्लानिंग काउंसलर का रिफ्रेशर कराये जाने का सुझाव दिया गया। | |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | फैमिली प्लानिंग काउंसलर में कार्यक्रम के प्रति जानकारी का व्यापक अभाव मिला जबकि उनका प्रशिक्षण कराया जा चुका है।<br><br>अन्य–<br>एक्स–रे कक्ष में घुटन थी। वेन्टिलेशन का कोई प्रबन्ध नहीं था।<br>एक्स–रे टेक्नीशिन द्वारा लेड एप्रेन का उपयोग नहीं किया जा रहा था।<br>पैथलौजी लैब में कार्यरत लैब एसिसटेन्ट द्वारा कोई भी पी0पी0ई0 प्रयोग नहीं की जा रही थी। लैब एसिसटेन्ट को पैथालोजी वेस्ट के डिस्पोजल एवं पी0पी0ई0 के महत्व में बारे में कोई जानकारी नहीं थी।<br>जे0एस0एस0के0 डायट चार्ट चिकित्सा इकाई में प्रदर्शित नहीं था। | प्रभारी चिकित्साधिकारी को कक्ष में वेन्टिलेशन के प्रबन्धन हेतु सुझाव दिया गया।<br>एक्स–रे टक्नीशिन को लेड एप्रेन का उपयोग करने हेतु सुझाव दिया गया।<br><br>लैब एसिसटेन्ट को पैथालोजी वेस्ट के डिस्पोजल एवं पी0पी0ई0 के महत्व में बारे में कोई जानकारी प्रदान की गयी।<br>जनपद क्वालिटी कन्सलटेन्ट एवं मेटरनल हेल्थ कन्सलटेन्ट को सुझाव दिया गया कि वह प्रत्येक सप्ताह चिकित्सा इकाई का भ्रमण कर सम्बन्धित स्टाफ को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित करे।<br>जे0एस0एस0के0 डायट चार्ट चिकित्सा इकाई में प्रदर्शित करने हेतु प्रभारी चिकित्साधिकारी को सुझाव दिया गया। | जिला क्वालिटी कन्सलटेट /जिला मातृ स्वास्थ्य कन्सलटेंन्ट/ प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| **प्राथमिक स्वा0 केन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, पुकारी** | चिकित्सा इकाई पर बांडिंग पूर्ण करायी जा चुकी थी।<br>चिकित्सा इकाई एक कमरे में संचालित की जा रही है।<br>चिकित्सा इकाई में पूर्ण कालिक एम0बी0बी0एस0 चिकित्सक की नियुक्ति नही है।<br><br>भ्रमण के दौरान फार्मासिस्ट द्वारा चिकित्सा इकाई का संचालन सी0एच0ओ0 के सहयोग से किया जा रहा था।<br>चिकित्सा इकाई के अर्न्तगत आने वाले क्षेत्र के निवासियों का सीबैक फार्म एवं स्क्रीनिंग नहीं की जा रही थी।उक्त के सम्बन्ध में सी0एच0ओ0 एवं फार्मासिस्ट कोई जानकारी नहीं थी।<br>कण्डोम बाक्स बहुत उँचाई पर लगा था।<br>चिकित्सा इकाई पर ई0डी0एल0 के अनुसार औषधियों को अभाव था।<br>पर्याप्त प्रचार प्रसार सामग्री नहीं थी। | पूर्ण कालिक एम0बी0बी0एस0 चिकित्साधिकारी की नियुक्ति के सम्बन्ध डी0पी0एम0 के माध्यम से मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय को एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी को अवगत करा दिया गया।<br>सी0एच0ओ0 को चिकित्सा इकाई के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों में सीबैक फार्म भरने एवं तदानुसार स्क्रीनिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त के साथ ही कण्डोम बाक्स को सुविधाजनक स्थान पर लगाने हेतु सुझाव दिया गया।<br>प्रभारी चिकित्साधिकारी को ई0डी0एल0 के अनुसार औषधियाँ एवं पर्याप्त प्रचार प्रसार सामग्री उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया।<br><br>प्रभारी चिकित्साधिकारी को जनपद स्तर पर बात कर जन आरोग्य समिति गठित कराने का सुझाव दिया गया। | सी0एच0ओ0/ प्रभारी चिकित्साधिकारी |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | परिवार नियोजन बास्केट आफ च्वाईस रखा हुआ मिला।<br>जन आरोग्य समिति गठित नहीं है। | | |
| **नया प्राथमिक स्वा0 केन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, कालींजर** | चिकित्सा इकाई की ब्रान्डिंग पूर्ण करायी जा चुकी है, लेकिन पर्याप्त आई0ई0सी0 सामग्री का अभाव मिला।<br>चिकित्सा इकाई में साफ सफाई की कमी मिली। | प्रभारी चिकित्साधिकारी (एम0ओ0सी0एच) से जनपद स्तर स स्वास्थ्य सेवाओं से सम्बन्धित आई0ई0सी0 सामग्री प्राप्त कर चिकित्सालय में लगवाने को कहा गया। साथ ही नियमित साफ सफाई कराने का सुझाव दिया गया। | डी0पी0एम0/ प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| | चिकित्सालय के ओ0पी0डी. कक्ष का गलियारा दो पहिया वाहन स्टैंड बना हुआ हैं जहां सारे स्टाफ अपने वाहन खड़ा करते है। | दल द्वारा इस पर आपत्ति दर्ज करते हुए चिकित्सालय के ओ0पी0डी. कक्ष में खड़े दो पहिया वाहनों को बाहर करवाया गया तथा आगे ऐसा न करने को कहा गया। | |
| | चिकित्सा इकाई में पूर्ण कालिक एम0बी0बी0एस0 चिकित्सक की नियुक्ति नही है। | पूर्ण कालिक एम0बी0बी0एस0 चिकित्साधिकारी की नियुक्ति के सम्बन्ध डी0पी0एम0 के माध्यम से मुख्य चिकित्साधिकारी एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी को अवगत करा दिया गया। | |
| | सेन्टर पर सिटीजन चार्टर नही लगा था।<br>चिकित्सा इकाई के अर्न्तगत आने वाले क्षेत्र के निवासियों का सीबैक फार्म एवं स्क्रीनिंग नहीं की जा रही थी। उक्त के सम्बन्ध में प्रभारी चिकित्साधिकारी को जानकारी नहीं थी।<br>परिसर में अभी तक कण्डोम बाक्स नहीं लगा है। | प्रभारी चिकित्साधिकारी (एम0ओ0सी0एच) को चिकित्सा इकाई के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों में सीबैक फार्म भरने एवं तदानुसार स्क्रीनिंग करने एवं चिकित्सा इकाई पर सिटीजन चार्टर, कण्डोम बाक्स की व्यवस्था कर जन सुविधाजनक स्थान पर लगाने हेतु सुझाव दिया गया। | |
| | परिसर में काफी जगह है किन्तु उसका समुचित उपयोग नही दिखा। | दल द्वारा परिसर का उपयोग करते हुए वहां पार्किंग बनाने का सुझाव दिया गया। | |
| | चिकित्सा इकाई पर ई0डी0एल0 के अनुसार औषधियों के अभाव था।<br>पर्याप्त प्रचार प्रसार सामग्री नहीं थी। | ई0डी0एल0 के अनुसार औषधियाँ एवं पर्याप्त प्रचार प्रसार सामग्री उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया। | |
| | फार्मेसी कक्ष की हालत दयनीय पाई गई। ठीक प्रकार से साफ सफाई नहीं मिली।<br>कुछ दवाईया एक्सपायरी होने के बावजूद वहीं पर रखी थी। | कक्ष की नियमित सफाई करवाकर एक्सपायरी दवाईयों को अलग प्रबन्धन का सुझाव दिया गया।<br>नियर एक्सपायरी के बारे में दल द्वारा जानकारी प्रदान की गई। | |
| | पैथोलाजी कक्ष में उपस्थित लैब | लैब टेक्निशियन को पी0पी0ई0 किट का | |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | टेक्निशियन द्वारा पी0पी0ई0 किट का प्रयोग नहीं किया जा रहा न उनको उसके उपयोग की जानकारी है।<br>ब्लड सैम्पल स्लाईड का परीक्षण उपरांत क्या किया जाना है इसकी जानकारी नहीं पाई गई।<br>जन आरोग्य समिति गठित नहीं है। | उपयोग समझाते हुए सदैव उसके उपयोग का सुझाव दिया गया।<br>दल द्वारा जानकारी प्रदान करते हुए ब्लीचिंग पाउडर मे डिकम्पोसड करने की जानकारी प्रदान की गई।<br>जन आरोग्य समिति गठित करने हेतु डी0पी0एम0 को सुझाव दिया गया। | |
| **चतुर्थ दिवस 9 जून 2023** | | | |
| **चिकित्सा इकाई** | **चिकित्सा इकाई** | **चिकित्सा इकाई** | **चिकित्सा इकाई** |
| **नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, आजाद नगर** | चिकित्सा इकाई मुख्य सड़क से काफी अंदर गली में किराये के मकान में स्थापित की गयी है।<br>सभी स्टाफ अपने ड्रेस कोड में नही थे, कुछ ने आई0कार्ड नहीं लगा रखा था।<br>चिकित्सा इकाई तीन कमरों में स्थापित की गई है, जहाँ र्प्याप्त प्रकाश नहीं आता हैं।<br>चिकित्सा इकाई पर मातृ स्वास्थ्य, परिवार नियोजन एवं अन्य गतिविधियों से जुडे पोस्टर लगे थे वह काफी पुराने लग रहे थे।<br>**<u>मातृ स्वास्थ्य –</u>**<br>रिकार्ड व्यवस्थित रूप से नहीं पाए गए।<br>चिकित्सा इकाई पर डिलवरी होती है, ए0एन0सी0 की जाती है जिसका रिकार्ड भली भांति नहीं पाया गया।<br>चिकित्सा इकाई में स्टाफ नर्स न होने के कारण वर्तमान में प्रसव सुविधा उपलब्ध नहीं थी।<br>स्थापित प्रसव कक्ष में टेबल पर कैलिस पैड नहीं था<br>ए0एन0सी0 हेतु उपयोगित की जाने वाली वेट मशीन सही प्रकार से कार्य कर रही। जबकि हाईट स्केल नियमित उपयोग नहीं किया जा रहा है।<br>चिकित्सा इकाई का शौचालय साफ दिखा। परिसर में साफ सफाई नहीं मिली। | दल द्वारा उपस्थित स्टाफ को निर्धारित ड्रेस का महत्व बताते हुए अपने ड्यूटी के दौरान सदैव उसका पालन करने का सुझाव दिया गया।<br>दल द्वारा सेन्टर की साफ सफाई की प्रशंसा की गई तथा इसको यथा स्थिति बनाये रखने का सुझाव दिया गया।<br>दल द्वारा कार्य के प्रति बरती जा रही लापरवाही के प्रति चिन्ता व्यक्त की गई उपस्थित स्टाफ से कार्य में सुधार की अपेक्षा की गयी। यदि कोई दिक्कत रिकार्ड कीपिंग में आए तो जनपद स्तरीय अधिकारियों को सूचित कर उनकी मदद ले।<br>इसके सम्बन्ध में जिला स्तरीय अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है तथा स्टाफ नर्स की तैनाती एवं प्रोटोकाल पोस्टर उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिया गया। | स्टाफ नर्स/ प्रभारी चिकित्साधिकारी<br>स्टाफनर्स/ प्रभारी चिकित्साधिकारी |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | लेबर कक्ष में प्रसव प्रोटोकाल पोस्टर लगे नहीं मिले तथा परिसर में व्यपक आई0ई0सी0 का अभाव दिखा।<br>आक्सीजन सिलेंडर पर लॉग बुक नहीं पाई गई।<br>**परिवार नियोजन** –<br>सेन्टर पर परिवार नियोजन से जुडे अस्थाई साधन– अन्तरा गर्भ निरोधक, छाया गर्भ निरोधक साप्ताहिक गोली, कंडोम उपलब्ध थे, जिसकी स्टाफ नर्स ने बास्केट ऑफ चाईस भी बनाई थी।<br>उपस्थित ए0एन0एम0 को ईन्टर्वल आई0यू0सी0डी के बारे में जानकारी का अभाव था।<br>खुशहाल परिवार दिवस का रिकार्ड मांगने पर दिखाया नहीं गया।<br>ए0एन0एम0 तथा चिकित्साधिकारी द्वारा अन्तरा इजेक्शन नहीं लगाये जा रहे है क्योंकि जिस स्टाफ नर्स को प्रशिक्षण प्राप्त है उसका स्थानान्तरण हो गया हैं। जिस कारण आने वाले इच्छुक महिलाओं को इन्जेक्शन नहीं लगाया जा रहा है।<br>परिसर में कंडोम बाक्स लगा था तथा उसमें कंडोम भरे हुए पाए गए, जिसका रिफिलिंग रिकार्ड भी था।<br>**नियमित टीकाकरण** :–<br>चिकित्सा इकाई पर कार्यरत स्टाफ नर्स को टीकाकरण शेड्यूल के बारे में विधिवत जानकारी थी। | उपस्थित ए0एन0एम0 को ईन्टर्वल आई0यू0सी0डी के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।<br><br>चिकित्साधिकारी को लाभार्थियों को अन्तरा इन्जेक्शन नियमित मानकानुसार प्रदान करने का सुझाव दिया गया। | अर्बन हेल्थकार्डिनेटर/ प्रभारी चिकित्साधिकारी |

जनपद बांदा के भ्रमण उपरांत दिनांक 09.06.2023 को राज्य स्तरीय दल द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में भ्रमण के दौरान चिकित्सा इकाईयों के सम्बन्ध में इंगित बिन्दुओं के बारे में जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला क्वालिटी कन्सल्टेंट एवं जिला मातृ स्वास्थ्य कन्सल्टेन्ट को इकाईयों में नियमित भ्रमण कर उनके सुधार के सम्बन्ध में सुझाव दिया गया। साथ ही यह अपेक्षा की गई कि राज्य स्तरीय दल द्वारा भ्रमण किये गये चिकित्सा इकाईयों के साथ ही साथ अन्य चिकित्सा इकाईयों में भी इन अधिकारियों द्वारा भ्रमण कर सुधार कार्य कराये जाये।

जिला कार्यक्रम प्रबन्धक द्वारा प्राप्त फीडबैक के अनुसार, चिकित्सा इकाईयों में शीघ्र ही सुधारात्मक कार्यवाही कर, उन कमियों को दूर किये जाने हेतु आवश्यक कदम उठाये जाने तथा उसकी आख्या उपलब्ध कराए जाने हेतु आश्वासन दिया गया।

**अमित अवस्थी**
(प्रोग्राम असिस्टेंट)

**परमेश कुमार वर्मा**
(ट्रेनिंग एंड मानिटरिंग आफिसर)

..........................................



Scanned with OKEN Scanner